टिप्पणी: अगर आप उपभोक्ता हैं, तो आपके कुछ वैधानिक अधिकार हो सकते हैं, जिन्हें अनुबंध द्वारा संशोधित नहीं किया जा सकता। लाइसेंस की इन शर्तों में किसी भी प्रावधान के कारण इन वैधानिक अधिकारों में उस सीमा तक संशोधन नहीं किया जा सकता, जहां तक ऐसे संशोधन लागू होने वाले कानून के तहत स्पष्टत: प्रतिबंधित हों। अगर कानूनन लाइसेंस की इन शर्तों के किसी अन्य भाषा में अनुवाद की आवश्यकता है, तो लाइसेंस की इन शर्तों के अंग्रेज़ी संस्करण और उसके किसी अनुवाद में किसी विवाद या विसंगति होने की स्थिति में इन शर्तों का अंग्रेज़ी संस्करण ही मान्य होगा। अगर लाइसेंस की ये शर्तें आपको अंग्रेज़ी के अलावा किसी अन्य भाषा में दी जाती हैं, तो RIM (आरआईएम) केवल आपकी सुविधा के लिए ऐसा करती है।

विज़ुअल वॉयस मेल के लिए लाइसेंस की शर्तें

Research In Motion Limited और/या उसकी संबद्धित कंपनियों ("RIM") को निम्नलिखित हस्तधार्य सॉफ्टवेयर अनुप्रयोग आपको नि:शुल्क उपलब्ध कराने में प्रसन्नता हो रही है:

विज़ुअल वॉयस मेल ("ग्राहक सॉफ्टवेयर") एक BlackBerry हस्तधार्य सॉफ्टवेयर है, जो कुछ विशिष्ट हस्तधार्य उत्पादों का उपयोग एक विज़ुअल इंटरफेस के जरिए आपके एयरटाइम सेवा प्रदाता द्वारा प्रस्तुत वॉयस मेल सेवाओं ("एक्सेस की गई सेवा") के लिए करने की सुविधा प्रदान करता हैं।

आपको इस परिशिष्ट द्वारा संशोधित रूप में RIM के मानक BLACKBERRY सॉफ्टवेयर लाइसेंस समझौते ("BBSLA") की शर्तों के तहत ग्राहक सॉफ्टवेयर का लाइसेंस दिया जा रहा है। इस परिशिष्ट और BBSLA को सामूहिक रूप से ग्राहक सॉफ्टवेयर के लिए "लाइसेंस की शर्तें" कहा गया है। जब तक यहां कुछ अन्य निर्दिष्ट न किया जाए, तब तक यहां बड़े अक्षरों में दी गई सभी शर्तों का वही अर्थ होगा जिस अर्थ में BBSLA में बड़े अक्षरों में दी गई इन शर्तों का प्रयोग किया गया है।

नीचे दिए गए "मैं स्वीकार करता/करती हूं" पर क्लिक करके लाइसेंस की इन शर्तों को सहमति देकर, आप व्यक्तिगत रूप से, या यदि आप अपनी कंपनी या किसी अन्य संगठन की ओर से ग्राहक सॉफ्टवेयर प्राप्त करने के लिए अधिकृत हैं, तो वह संस्था जिसके लिए आप कार्य कर रहे हैं (दोनों ही मामलों में "आप") ग्राहक सॉफ्टवेयर की इन लाइसेंस शर्तों से बाध्य होने के लिए सहमति दे रहे हैं।

"BBSLA" पिछले BLACKBERRY एंटरप्राइज़ सर्वर सॉफ्टवेयर लाइसेंस समझौते और BLACKBERRY अंतिम प्रयोक्ता/सॉफ्टवेयर लाइसेंस समझौते का एकीकरण है। निम्नलिखित सुनिश्चित करने के उद्देश्य से: (क) आपके BlackBerry समाधान के अंग के रूप में प्रयुक्त समस्त सॉफ्टवेयर के लिए बुनियादी शर्तों के बीच सुसंगति; और (ख) BlackBerry हस्तधार्य सॉफ्टवेयर के विभिन्न अवयवों पर कौन-सी लाइसेंस शर्तें लागू होंगी इस बारे में स्पष्टता, चाहे आपने अपना BlackBerry हस्तधार्य सॉफ्टवेयर किसी भी ढंग से प्राप्त किया हो, ऊपर बताए गए ढंग से लाइसेंस की इन शर्तों के लिए स्वीकार्यता जताकर, आप इस बात के लिए भी सहमति व्यक्त कर रहे हैं, कि लाइसेंस की इन शर्तों की आपके द्वारा स्वीकृति की तिथि से, BBSLA पहले के किसी भी RIM सॉफ्टवेयर लाइसेंस समझौते का स्थान ले लेगा और उसे विस्थापित कर देगा, जो आपके

BLACKBERRY समाधान के अंग के रूप में प्रयोग किए जाने पर किसी भी अन्य सॉफ्टवेयर पर इस समय लागू होता है। अगर आपके पास वर्तमान BBSLA आसानी से उपलब्ध नहीं है, तो इसे WWW.BLACKBERRY.COM से या LEGALINFO@RIM.COM पर RIM से संपर्क करके प्राप्त किया जा सकता है।

अगर इस समझौते की शर्तों के बारे में आपके कोई प्रश्न या चिंताएं हों, तो कृपया RIM से legalinfo@rim.com पर संपर्क करें। अगर आप लाइसेंस की इन शर्तों से सहमत होने के लिए तैयार या अधिकृत नहीं हैं, तो ग्राहक सॉफ्टवेयर या उसके किसी भाग को डाउनलोड, स्थापित या प्रयोग न करें, क्योंकि आपको ऐसा करने का कोई अधिकार नहीं है।

सामान्य आवश्यकताएं

ग्राहक सॉफ्टवेयर एक्सेस की गई सेवा तक आपकी पहुंच और प्रयोग को सुगम बनाता है। RIM को आपको ग्राहक सॉफ्टवेयर उपलब्ध कराने में प्रसन्नता हो रही है, लेकिन वह केवल तभी ऐसा कर सकता है, जब आप स्पष्ट रूप से यह समझें कि एक्सेस की गई सेवा एक तृतीय पक्ष की सेवा है और/या आपके एयरटाइम सेवा प्रदाता और/या अन्य तृतीय पक्षों द्वारा प्रदत्त तृतीय पक्ष सामग्री और/या अन्य साइटों तक पहुंच प्रदान करती है, जिनमें से कोई भी RIM के नियंत्रण में नहीं हैं। आपको ध्यानपूर्वक यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आपको पता हो कि आप किससे व्यापार कर रहे हैं, और यह कि आपको लागू होने वाले सभी समझौतों के नियम व शर्तों की जानकारी है, जिनमें बिना किसी सीमा के, भुगतान की शर्तें, निजता की शर्तें, निजता की व्यवस्था, और आपकी निजी सूचना की हिफ़ाज़त करने और आपकी निजी हिफ़ाज़त को सुनिश्चित करने वाली सुरक्षा खूबियाँ शामिल हैं। एक्सेस की गई सेवा तक पहुंचने और प्रयोग करने के लिए आपके हस्तधार्य उत्पाद पर ग्राहक सॉफ्टवेयर का प्रयोग करने के उद्देश्य से: (क) आपके पास एक्सेस की गई सेवा का चालू, सक्रिय खाता होना चाहिए, जो उन नियम व शर्तों से नियंत्रित होगा, जिनके लिए आपने एक्सेस की गई सेवा के संबंध में सहमति दी है; (ख) आपके एयरटाइम सेवा प्रदाता को आपको अपने हस्तधार्य उत्पाद के ज़रिए एक्सेस की गई सेवा तक पहुंचने की अनुमति देनी चाहिए; (ग) ग्राहक सॉफ्टवेयर को आपके हस्तधार्य उत्पाद पर BlackBerry हस्तधार्य सॉफ्टवेयर के आपके विशिष्ट संस्करण पर चलने के लिए बनाया गया होना चाहिए।

ग्राहक सॉफ्टवेयर के लिए विशिष्ट शर्तें

1. "BlackBerry हस्तधार्य सॉफ्टवेयर" की परिभाषा। इसके द्वारा ग्राहक सॉफ्टवेयर को BBSLA के अंतर्गत "BlackBerry हस्तधार्य सॉफ्टवेयर" की परिभाषा में शामिल माना जाएगा।

2. सीमित समर्थन, कोई वारंटी नहीं और कोई गारंटी नहीं। अगर, इस समझौते में स्पष्ट रूप से व्यक्त किए हुए के अलावा, ग्राहक सॉफ्टवेयर आप द्वारा अपने हस्तधार्य उत्पाद पर स्थापित किए जाने की तिथि के नब्बे (90) दिनों के भीतर अभिलेखों के अनुसार काम नहीं करता है, तो आप RIM से संपर्क कर सकते हैं और RIM वाणिज्यिक रूप से उपलब्ध तर्कसंगत तरीकों का प्रयोग करके उसे ठीक करने या आपको समस्या का कोई समाधान प्रदान करेगा (जो संशोधन या समाधान आपको RIM के तर्कसंगत विवेकानुसार विभिन्न रूपों में से

एक रूप में प्रदान किया जाएगा, जिसमें आपको टेलीफोन या ईमेल द्वारा ग्राहक सहायता प्रदान करने, सामान्य रूप से उपलब्ध सॉफ्टवेयर सुलझाव या समाधान के रूप में, RIM की वेबसाइट पर या RIM द्वारा आपको बताए जाने वाले किसी भी अन्य रूप में शामिल है, जैसे भी आपको RIM सलाह दे)। लेकिन, आप यह स्वीकार करते हैं और सहमत हैं कि ग्राहक सॉफ्टवेयर की प्रकृति के कारण, RIM का इसकी अनेक खूबियों और कार्यविधियों पर नियंत्रण नहीं है और हो सकता है कि वह आपके सामने आने वाली किसी समस्या को तर्कसंगत रूप से वाणिज्यिक प्रयास करने या अन्य प्रकार से हल न निकाल सके। ग्राहक सॉफ्टवेयर आपको RIM के BlackBerry हस्तधार्य सॉफ्टवेयर के साथ नि:शुल्क प्रदान किया जाता है और यह आप द्वारा तृतीय पक्ष की सेवा के प्रयोग और/या तृतीय पक्ष की सामग्री और/या अन्य साइटों तक पहुंच को सुगम बनाता है। तदनुसार, उस सीमा तक जहां तक आपके न्यायक्षेत्र के कानूनों द्वारा इसकी मनाही न हो: (क) यह प्रावधान ग्राहक सॉफ्टवेयर के लिए BBSLA में BlackBerry हस्तधार्य सॉफ्टवेयर के लिए निर्दिष्ट किसी एक्सप्रेस वारंटी का स्थान लेता है और उसे विस्थापित करता है, और ग्राहक सॉफ्टवेयर के साथ आपके सामने आने वाली किन्हीं समस्याओं के लिए आपका एकमात्र समाधान प्रस्तुत करता है; (ख) ग्राहक सॉफ्टवेयर आपको “जैसा है” और “जैसा उपलब्ध है” के रूप में उपलब्ध कराया गया है; (ग) BBSLA में निर्दिष्ट सीमाओं, बहिष्करणों और नामंजूरियों के अलावा, RIM ग्राहक सॉफ्टवेयर, एक्सेस की गई सेवा, तृतीय पक्ष की सामग्री या अन्य साइटों की उपलब्धता, उपयोग, प्रदर्शन या कार्यप्रदर्शन में असफलता के लिए ज़िम्मेदार नहीं है, और RIM ग्राहक सॉफ्टवेयर, एक्सेस की गई सेवा, तृतीय पक्ष की सामग्री या अन्य साइटों के कारण या उनसे संबंधित किसी प्रकार की क्षतियों के लिए उत्तरदायी नहीं होगी, चाहे ऐसी क्षतियाँ किसी भी कार्य के कारण हुई हों और चाहे RIM को ऐसी क्षतियों की संभावना के बारे में बताया ही क्यों न गया हो; और (घ) एक्सेस की गई सेवा किसी भी समय आपको अनुपलब्ध हो सकती है और/या ग्राहक सॉफ्टवेयर किसी भी समय आपको एक्सेस की गई सेवा तक पहुंचने की क्षमता रोक सकता है और यदि ऐसा होता है, तो आप RIM के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं कर सकेंगे। आप स्वीकार करते हैं और सहमत हैं कि ऐसी नामंजूरियों, सीमाओं और बहिष्करणों के अभाव में RIM को ग्राहक सॉफ्टवेयर के लिए यथेष्ठ शुल्क लगाना पड़ेगा और हो सकता है कि वह ग्राहक सॉफ्टवेयर देने में भी असमर्थ हों।

3. समाप्ति। उपरोक्त को सीमित किए बिना, और BBSLA के तहत RIM के समापन अधिकारों के अलावा, ग्राहक सॉफ्टवेयर, एक्सेस की गई सेवा, तृतीय पक्ष की सामग्री और/या अन्य साइटों की प्रकृति के कारण RIM किसी भी समय, किसी भी कारण से, आपको नोटिस दिए बिना ग्राहक सॉफ्टवेयर का आपका लाइसेंस समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है, लेकिन ऐसा करने की कोई बाध्यता नहीं है; लेकिन, अगर व्यावहारिक हो, तो RIM आपको समाप्ति की ऐसी कोई नोटिस दिए जाने के लिए वाणिज्यिक रूप से तर्कसंगत प्रयास करेगा।

4. विवाद। अगर इस परिशिष्ट के किन्हीं भी नियम व शर्तों का BBSLA या BBSLA के किसी अन्य परिशिष्ट या संशोधन में परस्पर विरोध होता है, तो विसंगति की सीमा तक यही नियम व शर्तें मान्य होंगी, लेकिन उसी प्रकार, जैसे यह ग्राहक सॉफ्टवेयर पर लागू होती हैं।

मैंने लाइसेंस की इन शर्तों का पुनरावलोकन कर लिया है और मैं लाइसेंस की इन शर्तों में निर्दिष्ट नियम व शर्तों के अनुसार ग्राहक सॉफ्टवेयर का लाइसेंस स्वीकार करने के लिए तैयार और अधिकृत हूं।

मैं स्वीकार करता/करती हूं **मैं स्वीकार नहीं करता/करती हूं**